हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


3 गूंजी सावन की धूम, दीपाली शर्मा बनीं सावन क्वीन





2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482 81030 45003

Website : ssscn.ac.in


# निगरानी, जिला जेल के सुरक्षा प्रहरी बॉडी वार्मर कैमरे से होंगे लैस

## डीजी जेल की पहल से 20 कैमरे आएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिला जेल की सुरक्षा कैसे पुख्ता की जाए इस दिशा पर लगातार प्रयास किया जा रहा है। डीजी जेल हिमांशु गुप्ता प्रदेश के विभिन्न जेलों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। इस कड़ी में जेल की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने की पहल की जा रही है। अब नए सिरे से जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत किया जा रहा है जिसमें जेल के भीतर सुरक्षा में तैनात जेल प्रहरी भी अपनी बॉडी कैमरे से लैस होंगे। जिसमें परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा और हर आने जाने वाले की निगरानी हो सकेगी। साथ ही जेल प्रहरी की भी हर गतिविधि कैमरे में कैद हो सकेगी। निश्चित तौर पर जेल प्रशासन की पहल सराहनीय है इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।

उल्लेखनीय है कि औद्योगिक नगरी होने की वजह से कोरबा जिला जेल में हमेशा कैदियों की संख्या क्षमता से अधिक रहती है और यहां की सुरक्षा व्यवस्था कैसे मजबूत की जाए इस दिशा पर जेल प्रबंधन लगातार प्रयास कर रहा है। साथ ही जेल के आधुनिकीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कड़ी में जेल डीजी हिमांशु गुप्ता जेल के आधुनिकीकरण व सुरक्षा को पहली प्राथमिकता दे रहे हैं ताकि कहीं भी सुरक्षा व्यवस्था में चूक ना हो और जेल की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता बनी रहे। अब आधुनिकीकरण की इस कड़ी में जिला जेल कोरबा में तैनात जेल प्रहरी बॉडी वार्मर कैमरे से लैस होंगे। जिला जेल से जेल डीजी हिमांशु गुप्ता ने जेल में तैनात सुरक्षा प्रहरियों की संख्या के हिसाब से बॉडी कैमरे की संख्या मंगाई गई है। जहां जेलर विजयानंद सिंह ने जेल में तैनात 20 जेल प्रहरियों को बॉडी वार्मर कैमरे से लैस होने के लिए अवगत कराया है। बताया जाता है आने वाले कुछ महीनो के भीतर जेल में सुरक्षा प्रहरी बॉडी वार्मर कैमरे से लैस होंगे और जेल की सुरक्षा व्यवस्था और भी पुख्ता हो जाएगी।

**खास बातें**

- जेल प्रहरी के साथ साथ आने जाने वालों की हर गतिविधियां होंगी कैद




### 78 कैमरे से हो रही है निगरानी

जेल डीजी हिमांशु गुप्ता द्वारा जेल के आधुनिकीकरण करने की दिशा पर लगातार पहल कर रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ माह पहले ही जेल में नए-नए हाई पॉवर नाइट विजन कैमरे लगाए गए हैं ताकि दिन और रात के समय हर गतिविधि नाइट विजन कैमरे में कैद हो सके। मौजूदा स्थिति में जिला जेल में कुल 78 सीसीटीवी कैमरे लगातार काम कर रहे हैं। जहां चप्पे चप्पे में कैमरे लगाए गए हैं और हर आने जाने वाले सहित जेल में बंद कैदियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से की जा रही है। यह सीसीटीवी कैमरा सीधा जेल मुख्यालय से भी अटैच है जहां जेल मुख्यालय में बैठे अफसर भी किसी की भी गतिविधि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से देख सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल के गेवरा-दीपका के अधिकारियों का तबादला

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका एरिया, गेवरा और कोरबा के अधिकारियों का तबादला किया गया है। इस संबंध में सूची के साथ कार्यमुक्त होने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इन अधिकारियों को 16 अगस्त तक कार्यमुक्त होने के आदेश दिए गए हैं। मानव संसाधन अनुशासन के पत्र के अनुसार ऐसे अधिकारी जिन्हें आदेश संख्या 539 दिनांक 30 सितंबर 2024 के तहत उल्लेखित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया था, उन्हें 16 अगस्त 2025 तक कार्यमुक्त किया जाता है। जारी आदेश में यह कहा गया है कि वर्तमान तैनाती स्थल से कार्यमुक्त होने पर उपरोक्त अधिकारियों को सलाह दी जाती है कि वे आगे के कार्यभार के लिए संबंधित क्षेत्र विभाग के सहायक महाप्रबंधक विभागाध्यक्ष को रिपोर्ट करें।

### बीएमएस ने गेवरा जीएम को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** बीएमएस ने गेवरा के महाप्रबंधक को चार सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आवासीय परिसर में रहने वाले सभी कर्मचारियों को पूर्व की भांति गैस सिलेंडर की सुविधा दी जाए। इसके अलावा गेवरा परियोजना में कार्यरत जिन कर्मचारियों का चयन कैटिगरी 2 के पद पर हुआ है उन्हें पद पर पदस्थ किया जाए। वेल्डर कैटिगरी दो के पद पर चयनित कर्मचारियों को तत्काल नियुक्ति दी जाए। गेवरा क्षेत्र में कंपनी के लगभग 35 सौ से अधिक आवास उपलब्ध है और कर्मचारियों की संख्या लगभग 22 सौ है। बावजूद इसके कार्मिक एवं सुरक्षा विभाग के मिली भगत से आवास आवंटन में भारी पैमाने में धांधली की जा रही है। 14 दिवस भीतर अगर मांगों को पूरा नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### विश्वविद्यालय में विभिन्न कोर्स में प्रवेश 31 तक

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई-जून 2025-26 लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के दूरवर्ती शिक्षा अंतर्गत अध्ययन केंद्र कोरबा में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश अधिसूचना के तहत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा एवं कौशल विकास कार्यक्रम पाठ्यक्रमों में स्नातक कोर्स अंतर्गत ,बीए, बीएससी गणित व जीवविज्ञान, बीकॉम(आनर्स) बीबीए(आनर्स), बी-लिब एंड आईएससी, स्नाकोत्तर कोर्स के अंतर्गत एमए हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, एमए शिक्षा, एमए छत्तीसगढ़ी, एमएसडब्ल्यू, एमकॉम, एमए/एमएससी गणित व कम्प्यूटर साइंस, मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस, पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा अंतर्गत पीजी डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा कोर्स अंतर्गत डिप्लोमा इन योग साइंस, कम्प्यूटर एप्लिकेशन, डिप्लोमा इन साइकोलॉजीकल गाइडेंस एंड काउंसलिंग, रामचरित मानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा आदि कोर्स शामिल है। बीकॉम (आनर्स) व बीबीए (आनर्स) स्नातक प्रमाण पत्र कोर्स प्रथम वर्ष दो सेमेस्टर, स्नातक डिप्लोमा दो वर्ष चार सेमेस्टर, स्नातक डिग्री तीन वर्ष 6 सेमेस्टर, स्नातक आनर्स डिग्री चार वर्ष आठ सेमेस्टर, ये दोनों कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित निर्देशों पर सेमेस्टर आधारित पाठ्यक्रम है।

## रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा का मामला

# जहरीली शराब या फिर फूड प्वाइजनिंग दो की हुई मौत, तीन का उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नाती दामाद के आने की खुशी में घर में मुर्गा मछली सहित अन्य भोज्य पदार्थ बने थे। जहां घर के सभी सदस्यों ने देर शाम को मुर्गा मछली चावल के साथ महुआ शराब का भी सेवन किया था। खाना खाने के कुछ देर बाद ही अचानक घर के सदस्यों को उल्टी शुरू हो गई और चक्कर आना शुरू हो गया। जैसे ही पड़ोसियों को इसकी सूचना दी गई आनन फानन में दो लोगों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद ही दो लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोगों को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। जिसमें से एक की हालत नाजुक बनी हुई है। एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में मातम छाया हुआ है। मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रारंभिक जांच के दौरान फूड प्वाइजनिंग को मौत की वजह बताई जा रही है लेकिन दबी जुबान में गांव में मौत की वजह जहरीली शराब को बताया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच में जुटी हुई है।

मामला रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोरकोमा का है। यहां निवासरत राजबीन बाई चौहान उम्र 65 वर्ष पति स्वर्गीय टीकसराम चौहान के घर में उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत दादरकला भैसमा निवासी उसका नाती दामाद जेल सिंह चौहान 32 वर्ष पिता छतर राम चौहान बुधवार को मेहमानी में पहुंचा था। जहां नाती दामाद के आने की खुशी में राजबीन बाई के घर मुर्गा, मछली सहित अन्य पकवान बनाया गया था। देर शाम को राजबीन बाई सहित अन्य लोगों ने मुर्गा, मछली सहित महुआ शराब का सेवन किया था। खाना खाने के बाद अचानक परिजनों की तबियत बिगड़ने लगी और उल्टी शुरु हो गई। जब पड़ोसियों को इसकी सूचना मिली तो संजीवनी 108 की मदद से राजबीन बाई चौहान, जेल सिंह, चमेली बाई 42 वर्ष पति राजाराम चौहान, राजाराम चौहान पिता शिव प्रसाद चौहान, राजकुमार चौहान पिता टीकसराम चौहान को उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां इलाज के दौरान 65 वर्षीय राजबीन बाई और उसके नाती दामाद जेल सिंह की मौत हो गई। जबकि राजाराज चौहान की हालत नाजुक बनी हुई है। चमेली बाई और राजकुमार चौहान का भी उपचार मेडिकल हॉस्पीटल में जारी है। एक साथ दो लोगों की मौत की सूचना मिलने के बाद नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे दल बल सहित मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। दोनों की मौत शराब पीने या फूड प्वाइजनिंग की वजह से हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल प्राथमिक जांच के दौरान फूड प्वाइजनिंग का मामला होना बताया जा रहा है तो वहीं दूसरी और मौत को लेकर तरह-तरह के सवाल भी उठ रहे हैं और गांव में चर्चा सरगर्म है कि दोनों ही मौत जहरीले शराब के सेवन से हुई होगी। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने घर से खाद्य सामग्री के साथ साथ शराब भी जप्त किया है लेकिन पुलिस इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं कर रही है।

**खास बात**

- नाती दामाद के आने पर घर में मुर्गा भात व महुआ शराब पीने की बात आई सामने



घटनास्थल पर जांच करती फारेंसिंक एक्सपर्ट की टीम।



मृतक जेल सिंह



मृतका राजबीन बाई

### 13 महीने पहले कोटमेर में तीन लोगों की हुई थी मौत

जिले में जहरीली शराब से मौत का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटमेर में वर्ष 2024 में जहरीली शराब पीने से तीन लोगों की मौत की घटना सामने आई थी। इस घटना को लोग भूल भी नहीं पाए हैं कि फिर से नया मामला सामने आया है। जहां एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई है जबकि तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। जिसमें से एक की हालत नाजुक बनी हुई है।

### चल रही मामले की जांच

रजगामार चौकी के ग्राम कोरकोमा में दो लोगों की मौत हुई है। जबकि तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। प्रारंभिक जांच के दौरान फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के बाद वास्तविक कारणों का खुलासा होगा पुलिस की टीम मामले की जांच कर रही है।

-भूषण एक्का
नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा

### महुआ शराब हो सकती है मौत की वजह

रजगामार चौकी प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की शाम फॉरेंसिक एक्सपोर्टकी टीम घटनास्थल पहुंची थी। घटनास्थल को पहले ही सील कर दिया गया था। सील को तोड़ने के बाद गुरुवार की शाम को ही सीन ऑफ क्राईम मोबाइल यूनिट कोरबा के वैज्ञानिक अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरीया, डॉ राजश्री सिंह, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान, आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किए जिसमें प्रथम दृष्टया कच्ची महुआ शराब पीने से मौत होना प्रतीत होने की बात कही गई है। घटनास्थल से बाटल जप्त किया गया है जिसमें कच्ची महुआ शराब की कुछ मात्रा पायी गई है। पुलिस अधिकारियों ने जप्त शराब को एफएसएल परीक्षण के लिए भेजने का निर्देश दिया है। साथ ही घटनास्थल से खाने का सैंपल दाल, चावल, मुर्गे की सब्जी भाजी सहित गिलास को जप्त किया है फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम घटनास्थल से कई और अन्य भी सामानों को जप्त किया है।

# पुलिस बनकर सड़क में उगाही 3 लोगों को पुलिस ने भेजा जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक कार में सवार तीन लोगों ने अपने आपको पुलिस अधिकारी बताते हुए एक ट्रैक्टर चालक से उसके ट्रैक्टर की दस्तावेजों की जांच की थी और दस्तावेज सही नहीं पाए जाने की बात को धमकाते हुए उससे भारी भरकम जुर्माना ठोके जाने की धमकी दी थी और उससे एक हजार रुपए की वसूली कर ली थी। जब मामला सामने आया तो पुलिस तत्काल हरकत में आई और पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर फर्जी पुलिस बनकर ठगी करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लखनपुर निवासी जतिन साहू बुधवार को बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ी के समीप अपने ट्रैक्टर लेकर सड़क किनारे खड़ा हुआ था। इसी दौरान एक क्रेटा कार क्रमांक सीजी 16 सीटी 0427 में सवार होकर तीन युवक मौके पर पहुंचे और अपने आपको पुलिस अधिकारी बताते हुए जतिन साहू से उसके ट्रैक्टर के दस्तावेजों की मांग करने लगे और ट्रैक्टर के दस्तावेज पूर्ण नहीं होने पर जतिन से हजारों रुपए की डिमांड की गई बाद में जब सौदा नहीं हुआ तो तीनों युवकों ने अपने आपको पुलिस अफसर बताते हुए जतिन साहू से 1 हजार रुपए वसूली कर मौके से क्रेटा कार से फरार हो गए। बाद में जतिन साहू को संदेह हुआ कि कार में सवार युवक फर्जी पुलिस अफसर थे जिसके बाद उसने तत्काल इस मामले की शिकायत बांगो पुलिस से की थी। बांगो पुलिस ने मामला सामने आते ही तत्काल एफआईआर दर्ज की और क्रेटा कार के नंबर के आधार पर पुलिस ने पड़ोसी जिला कोरिया के ग्राम लेदरी निवासी जाहिद खान उर्फ सोनू, अजोय नायडू, प्रकाश गोंड़ उर्फ छोटू को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बातें**

- बांगो थाना क्षेत्र के पोड़ी के समीप हुई घटना
- ट्रैक्टर का दस्तावेज देखने के नाम पर वसूला था एक हजार

*कोरबा। जिला क्रिकेट संघ कोरबा द्वारा अंडर-14 और अंडर-16 वर्ग के खिलाड़ियों का ट्रायल 3 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। यह ट्रायल शहर में स्थित एसईसीएल के सेंट्रल वर्कशॉप क्रिकेट स्टेडियम में होगा। ट्रायल सुबह 9 बजे से शुरू होगा।

## ई-आफिस अन्तर्गत विभिन्न विभागों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**कोरबा।** राज्य शासन के मंशा के अनुरूप शासकीय विभागों को ई-आफिस के माध्यम से ऑन लाईन कार्य करने के निर्देश दिए गये हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा जिला कार्यालयों के समस्त शाखाओं को निर्देशित किया गया है कि वे एनआईसी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर ई-आफिस में कार्य करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 21 जुलाई से 10 सितंबर तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। एनआईसी अधिकारी श्री हेमंत जायसवाल द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। शेड्यूल अनुसार 1 अगस्त से 4 अगस्त तक स्टेनो टू अपर कलेक्टर कोरबा एवं कटघोरा, 5 एवं 6 अगस्त को वरिष्ठ लिपिक, परीक्षा, पुरातत्व, 7 एवं 8 अगस्त को लायसेंस शाखा, विभागीय जांच एवं भू-अर्जन आदि का प्रशिक्षण होगा।

## निगम आयुक्त पहुंचे अशोक वाटिका, किया निरीक्षण

# अशोक वाटिका की सुधरेगी व्यवस्था, सुविधाएं होंगी अपडेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीएसईबी चौक से स्टेडियम की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित शहर के सबसे बडे. उद्यान अशोक वाटिका की व्यवस्थाएं सुधारी जाएंगी एवं सुविधाओं को अपडेट किया जाएगा ताकि अशोक वाटिका उद्यान पहुंचने वाले आमनागरिकों को सुविधाओं का सही लाभ प्राप्त हो सके। निगम आयुक्त ने सहायक कलेक्टर व निगम के अधिकारियों की टीम के साथ सम्पूर्ण अशोक वाटिका का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं को सुधारने एवं सुविधाओं को अपडेट किए जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उल्लेखनीय है कि अशोक वाटिका शहर का सबसे बड़ा उद्यान है, जो लगभग 50 एकड़ के विस्तृत क्षेत्रफल में फैला हुआ है, अशोक वाटिका में भ्रमण, मनोरंजन, योगा प्राणायाम, कसरत व्यायाम की सुविधा सहित अन्य विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, उद्यान के विस्तृत पाथवे में रनिंग करने, पैदल चलने, योगा प्राणायाम एवं कसरत व्यायाम आदि करने सहित भ्रमण मनोरंजन हेतु प्रतिदिन लगभग 500 से ज्यादा नागरिक यहां पर पहुंचते हैं और सुविधाओं का लाभ उठाते हैं। गुरूवार को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अपने नियमित प्रातः भ्रमण के दौरान अशोक वाटिका पहुंचे, उन्होंने सम्पूर्ण वाटिका का भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने वाटिका में स्थित योगा प्लेटफार्म का मरम्मत व सुधार कार्य कर उसे हटमेन्ट स्वरूप में निर्मित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बरसात की वजह से उद्यान के पाथवे में काई जमा होने से फिसलन की स्थिति न बने इसके लिए सम्पूर्ण पाथवे की ब्लीचिंग व साफ-सफाई के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। पाथवे की टाईल्स कुछ स्थानों पर नीचे धस गई है, जिसे देखते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने पाथवे में आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य कराने, उद्यान में स्थित टायलेट की नियमित साफ-सफाई व टायलेट में पानी की सतत आपूर्ति बनाएं रखने, उद्यान में रात्रि के समय पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने एवं उद्यान की अन्य व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से दुरूस्त किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



अधिकारियों को निर्देश देते निगम आयुक्त।

### कर्मशाला को भी देखा

भ्रमण के दौरान आयुक्त कर्मशाला पहुंचकर सघन निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मशाला में रखे गए विभिन्न वाहन यथा कम्पेक्ट मशीन, जेसीबी, डम्पर प्रेशर, पानी टैंकर, ट्रक माउंटेड, हाईड्रोलिक वाहन, ट्रक ट्रेक्टर, काऊकेचर, टाटा ऐस हाईड्रोलिक टीपर, राईडिंग जेटिंग मशीन सहित अन्य विभिन्न वाहनों व मशीनरियों का सघन रूप से निरीक्षण किया एवं कर्मशाला में रखे वाहन पंजी का अवलोकन कर वाहनों के कार्य पर रवाना होने, वाहनों के उपयोग एवं उनकी वापसी आदि की जानकारी ली।




**खबर संक्षेप**

### कोयले की अफरा तफरी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** कोयले की अफरा तफरी के मामले ड्राइवर व कोल डिपो संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। कोनी पुलिस के अनुसार, कोल फिर कंपनी के मैनेजर संतोष सिंह ने रिपोर्ट लिखाई, 27 जुलाई को ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीए, 8255 का चालक गेवरा खदान से कोयला लेकर घुटकू के लिए रवाना हुआ। ड्राइवर ने उक्त कोयला को गुरू गौतम और बोदरी के जय बजरंगबली ट्रेडर्स के संचालक से मिलकर कोयला खाली कर निम्न क्वालिटी मिलावटी कोयला पहुंचाया है। पुलिस ने मैनेजर की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक, गुरू गौतम जय बजरंगबली ट्रेडर्स के संचालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 5, 316 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चांपा में नहीं उतर पाया तो कर दी चेन पुलिंग

**बिलासपुर।** ट्रेन के चांपा रेलवे स्टेशन में रोके जाने के बाद भी यात्री उतर नहीं पाया तो उसने चेन पुलिंग कर गाड़ी को ही रोकवा दिया, जिसपर आरपीएफ ने यात्री के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की है। आरपीएफ के अनुसार जांजगीर निवासी गौरीशंकर चौहान पिता गौहर चौहान 36 साल 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस के जनरल कोच में राउरकेला से चांपा तक सफर कर रहा था। चांपा रेलवे स्टेशन में ट्रेन के रोके जाने के बाद भी गौरीशंकर कोच से नीचे नहीं उतर पाया। इस दौरान जब ट्रेन रवाना होने लगी तो उसने चेन पुलिंग करते हुए गाड़ी को रोकवा दिया। इसी तरह 18236 बिलासपुर से भोपाल जाने वाली एक्सप्रेस में सफर करने के लिए सीपत निवासी अमन कुमार श्रीवास पिता दिलहरण श्रीवास 31 साल स्टेशन पहुंचा था, जिसके स्टेशन प्लेटफार्म तक पहुंचते ट्रेन रवाना होने लगी। इस दौरान उसके साथी ने चेन पुलिंग कर दी, जिसके कारण प्लेटफार्म सें आगे जाकर ट्रेन रूक गई। दोस्त ने चेन पुलिंग की और आरपीएफ ने सीपत निवासी अमन कुमार के खिलाफ रेलवे एक्ट क तहत कार्रवाई की।

### संबलपुर रिमाडलिंग से ट्रेनें प्रभावित होंगी 6 से

**बिलासपुर।** पूर्व तटीय रेलवे संबलपुर स्टेशन में यार्ड रिमाडलिंग कार्य के लिए एनआई का कार्य होगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरनें वाली गाड़ियों के पहिए भी थमे रहेंगे। 6 से 14 अगस्त तक बिलासपुर से चलने वाली 58214 बिलासपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर, 7 से 15 अगस्त तक टिटलागढ़ से चलने वाली 58213 टिटलागढ़-बिलासपुर पैसेंजर, 6 से 14 अगस्त तक 58217 टिटलागढ़-रायपुर पैसेंजर और 7 से 15 अगस्त तक रायपुर से रवाना होने वाली 58218 रायपुर-टिटलागढ़ पैसेंजर को रद्द किया जाएगा।

### रेलवे को माल भाड़ा से 10 हजार करोड़ मिले

**बिलासपुर।** एसईसीआर ने देश के कोयला आधारित पावर प्लांट्स, उद्योगों और विभिन्न कारखानों को आवश्यक कच्चे माल जैसे कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक और मैगनीज की सतत आपूर्तित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए मालभाड़ा राजस्व अर्जन में कीर्तिमान स्थापित किया है। 119 दिनों में 10 हजार करोड़ की प्रारंभिक माल भाड़ा आय अर्जित कर अब तक की सबसे तेज उपलब्धि प्राप्त की है। यह मील का पत्थर 28 जुलाई को प्राप्त हुआ, जो कि गत वर्ष की तुलना में 7 दिन पहले है।

**नगर निगम को भेजा पहला बिल**

**अमृत मिशन योजना अंतर्गत खूंटाघाट से शहर में पानी की सप्लाई**

# सिंचाई विभाग ने नगर निगम को थमाया 19.26 लाख का पानी बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत मिशन योजना के अंतर्गत नगर निगम द्वारा खूंटाघाट से शहर के लिए सालाना 31 मिलियन घनमीटर पानी लिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम को 70 पैसे प्रति क्यूबिक मीटर की दर पर सिंचाई विभाग को भुगतान करना होगा।

- खूंटाघाट से शहर के लिए सालाना 31 मिलियन घनमीटर पानी लिया जाएगा

सिंचाई विभाग ने नगर निगम को मई से जून तक पानी सप्लाई का 19 लाख 26 हजार रूपए का पहला बिल जारी कर दिया है। नगर निगम को पानी का यह बिल अब हर महीने जारी किया जाएगा।

पूरे शहर को हर महीने पानी का बिल थमाकर पैसा वसूल करने वाले नगर निगम को अब सिंचाई विभाग ने 19 लाख 26 हजार 247 रूपए का पानी का बिल जारी कर दिया है। नगर निगम द्वारा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत पाईप लाईन के जरिए पूरे शहर में पानी की सप्लाई की जा रही है। वैसे तो योजना के अंतर्गत नगर निगम खूंटाघाट बांध से मार्च 2024 से पानी ले रहा है, लेकिन सिंचाई विभाग द्वारा फिलहाल नगर निगम को 26 मई से 30 जून 2025 की अवधि तक एक महीने का बिल ही जारी किया गया है। सूत्रों के अनुसार पिछली अवधि का बिल पेनाल्टी से साथ वसूल किया जाना प्रस्तावित है।




शहर में खूंटाघाट से पानी की सप्लाई करने के लिए राज्य शासन की अनुमति से सिंचाई विभाग एवं नगर निगम के बीच 26 मई 2025 को एग्रीमेंट किया गया है। इसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा 31 मिलियन घनमीटर पानी सालाना एवं 15 क्यूसेक पानी प्रतिदिन लिया जाएगा। इसके लिए नगर निगम को 70 पैसे प्रति क्यूबिक मीटर की दर पर पानी का भुगतान करना होगा।

### रतनपुर नगर पालिका भी तैयारी में

नगर निगम बिलासपुर की तरह ही रतनपुर नगर पालिका भी खूंटाघाट से ही पानी लेकर शहर में सप्लाई करने की तैयारी में है। रतनपुर के लिए पालिका को 3.47 मिलियन घनमीटर पानी की प्रतिवर्ष जरूरत होगी। शासन स्तर से आबंटन लेटर जारी होने व जल आबंटन प्रारंभ होते ही एग्रीमेंट की कार्यवाही की जाएगी। नपा द्वारा फिलहाल रतनपुर शहर में पंपों की स्थापना एवं पाईप लाईन बिछाने का काम किया जा रहा है।

### हर माह जारी होगा बिल

अमृत मिशन योजना के लिए खारंग जलाशय से शहर में पानी सप्लाई के एवज में नगर निगम को मई-जून के बीच एक महीने की अवधि का 19 लाख 26 हजार रूपए का पहला पानी बिल जारी किया गया है। यह बिलिंग अब प्रतिमाह की जाएगी। रतनपुर नगर पालिका भी निस्तारी के लिए खारंग से पानी लेने की तैयारी में है। शासन से आबंटन लेटर आने के बाद उनके साथ भी एग्रीमेंट किया जाएगा।

**-मधु चंद्रा**, ईई, खारंग जल संसाधन संभाग

**कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा वर्ग को छलने का काम किया: उप मुख्यमंत्री**

# देश के विकास में पिछड़ा वर्ग प्रधानमंत्री मोदी के साथ मजबूती से खड़ा: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स आडिटोरियम में आयोजित भाजपा के संभागीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि देश के विकास में पिछड़ा वर्ग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मजबूती से खड़ा है। मोदीजी ने जो जातिगत जनगणना का निर्णय लिया है उसका सबसे ज्यादा फायदा भी पिछड़ा वर्ग को होने वाला है, इसलिए पूरे देश में पिछड़ा वर्ग का सम्मेलन कर उन्हें जागरूक कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर हमेशा पिछड़ा वर्ग को छलने का आरोप भी लगाया है।

- भाजपा पिछड़ा मोर्चा के संभागीय सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री, मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष समेत भाजपा विधायक

उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि पिछड़ा समाज हिन्दुस्तान सहित छत्तीसगढ़ में बसने वाली सबसे बड़ी आबादी है। देश के विकास में पिछड़ा वर्ग की भागीदारी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, किन्तु देश में सर्वाधिक काल तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को हमेशा छलने का ही काम किया है। उन्होंने कभी पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा नहीं दिया और न ही पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान किया, लेकिन भाजपा जब-जब सत्ता में आई पिछड़ा वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला और ओबीसी आरक्षण के प्रावधान किए गए। 60 वर्षों तक सत्ता का सुख भोगने वाली कांग्रेस को कभी जातिगत जनगणना की याद नहीं आई और आज जब कांग्रेस की सत्ता में आने का दूर-दूर तक संभावना नहीं दिखाई देती तब पिछड़ा वर्ग की भावना से खेलने जातिगत जनगणना का झूठा स्वांग कर रही है। सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री अरूण साव व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव सहित मंत्री लखनलाल देवांगन, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, प्रणव मरपच्ची, प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक नारायण चंदेल, भूपेन्द्र सवन्नी, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, प्रदेश महामंत्री खिलावन साहू, महापौर पूजा विधानी महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष द्वय मोहित जायसवाल व दीपक सिंह, कार्यक्रम संयोजक सुश्री रितु चौरसिया, सह-संयोजक राजेश यादव, कृष्णकुमार कौशिक, शैलेन्द्र यादव, दिलेन्द्र कौशिक आदि मौजूद थे।




भाजपा के संभागीय सम्मेलन में उपस्थित अतिथि।



कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता।

### ओबीसी वर्ग को ज्यादा मिला प्रतिनिधित्व: प्रदेशाध्यक्ष

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डा. रमन सिंह की नेतृत्व वाली सरकार में पिछड़ा वर्ग हितों को ध्यान में रखते हुए लाखों ओबीसी विद्यार्थियों को पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का लाभ मिला। राज्य के प्रमुख शहरों में नवीन छात्रावासों का विस्तार किया गया। रमन सिंह सरकार द्वारा सशक्त सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस के जरिए ओबीसी सहित राज्य में स्वास्थ्य बीमा मुक्त इलाज आवास योजना और जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई, जिसका सीधा लाभ ओबीसी वर्ग को मिला। भाजपा सरकार ने अपने मंत्रिमंडल में भी ओबीसी वर्ग को ज्यादा से ज्यादा प्रतिनिधित्व मिलें इस बात की चिंता की। विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण को 50 प्रतिशत तक बढ़ाया, जिससे पंचायत व शहरी निकायों में समाज का प्रतिनिधित्व ऐतिहासिक रूप से बड़ा है।

### मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भता बढ़ी: धरमलाल

बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह संकल्प से सिद्धि का काल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में देश की दशा और दिशा में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है। आज हमारा देश विश्व की चौथी की बड़ी आर्थिक शक्ति बनकर उभरी है, वहीं सामरिक दृष्टि से देश आत्मनिर्भता की दिशा में आगे बढ़ी है। आज हम स्वदेशी निर्मित हथियारों का राष्ट्रीय सुरक्षा में उपयोग करने के साथ ही साथ उनके निर्यात कर विदेशी मुद्रा अर्जित कर रहे हैं। 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने इस दिशा में योजनाबद्ध ढंग से केंद्र की सरकार कार्य कर रही है, जिससे सफलता मिलना सुनिश्चित है। सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर और पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने भी संबोधित किया।

**30 किलो गांजा जब्त**

# गांजा बेचकर जा रहे कार सवार तस्करों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फिल्मी अंदाज में पुलिस ने पीछा कर गांजा बेचकर जा रहे कार सवार ओडिशा के दो तस्करों को पकड़ लिया। उनकी निशानदेही पर गांजा खरीदने वाले मां बेटे को पकड़ा गया है। उनके पास से 30 किलो गांजा, दो कार, बिक्री रकम 2.50 लाख रुपए जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

- तस्करों से ढाई लाख रुपए भी बरामद किए गए

एसएसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली कि ओडिशा के दो तस्कर गांजा बिक्री करने के बाद जांजगीर की ओर भाग रहे हैं। उनके निर्देश पर पुलिस गांजा तस्करों के पीछे लग गई। पीछा करते हुए पुलिस टीम ने ओवरटेक कर आर्टिगा कार को रोक लिया। उसमें सवार ओडिशा के दो युवकों को पकड़कर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर दोनों ने चोरभट्ठीखुर्द के दो लोगों के पास गांजा बेचना बताया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरभट्ठी में दबिश देकर मां बेटे को पकड़कर उनकी कार से 30 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस की टीम ने गांजा सहित वाहन व तस्करों को कार्रवाई के लिए सकरी थाने में सौंप दिया। सकरी पुलिस ने 20 बी, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा, दो कार, 2.50 लाख बिक्री रकम जब्त कर चारों को गिरफ्तार कर लिया है।

### जमानत पर छूटने के बाद फिर गांजे का धंधा

डेढ़ माह पूर्व सकरी पुलिस ने आरोपी चोरभट्ठीखुर्द निवासी कांति पाण्डेय उर्फ महराजिन को पकड़कर 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद कर जेल भेज दिया था। जमानत में छूटने के बाद फिर से गांजा बेचने में सक्रिय हो गई थी। इसके पूर्व में भी वह गांजा बेचते हुए पकड़ गई है। वह लंबे अरसे से गांजा बेचने का काम कर रही है।

### पकड़े गए आरोपी

- कांति पाण्डेय उर्फ महराजिन पति स्व. लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय 46 साल चोरभट्ठीखुर्द
- गिरीशचंद पाण्डेय पिता स्व. लक्ष्मी प्रसाद पाण्डेय 30 साल चोरभट्ठीखुर्द
- दिलेश्वर नायक पिता सीताराम नायक 35 साल बरगढ़ ओडिशा
- दीपक गण्डा पिता प्रेमानंद गण्डा 28 साल बरगढ़ ओडिशा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त गांजा।

### मस्तूरी में भी गांजा तस्कर गिरफ्तार

मस्तूरी पुलिस ने एक जुलाई को सीपत पंधी निवासी नीरज वर्मा उर्फ मोनू को पकड़कर 20 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया गया था। उसके बाद फरार आरोपी धरमजयगढ़ निवासी विनोद कुमार औधोलिया को पकड़ा गया था। उक्त मामले में फरार आरोपी कोनी बिरकोना निवासी अदीप कुमार वर्मा पिता स्व. बलीराम वर्मा 44 साल को गिरफ्तार किया गया है।

# राजकिशोर नगर में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** गर निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग पर पिछले तीन दिनों से लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम का भवन व अतिक्रमण शाखा दस्ता ने गुरुवार को मोपका और राजकिशोर नगर क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलवाया है। इस कार्रवाई के दौरान अवैध प्लाटिंग वाली जगह पर बाऊंड्रीवाल को तोड़ा गया और सड़क उखाड़ दी गई है।

- लगातार तीसरे दिन अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, बाऊंड्रीवाल तोड़ी, सड़क उखाड़ी

नगर निगम सीमा के जोन क्रमांक सात अंतर्गत आज मोपका क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई है। मोपका के खसरा नंबर 465, 466 के भाग में किए गए अवैध प्लाटिंग पर निर्मित कच्ची सड़क बना ली गई थी और बाऊंड्रीवाल निर्माण कराया गया था। बिना अनुमति की गई इस निर्माण को हटाने की कार्रवाई की गई और कच्ची सड़क उखाड़ने के साथ ही बाऊंड्रीवाल को तोड़ दिया गया। इसी तरह राजकिशोरनगर महावीर सिटी के पास अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई है। राजकिशोरनगर में खसरा नंबर 993 स्थित भूमि के भाग में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था। यहां पर अवैध प्लाटिंग पर निर्माणाधीन मकान को तोड़ा गया है। आज अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई के दौरान भवन शाखा अधिकारी अनुपम तिवारी, जोन सात कमिश्नर प्रवीण शर्मा, उप अभियंता जुगलकिशोर सिंह, अरूणा यादव, राघवेन्द्र सिंह राजपूत, कु. प्रीति कंवर सहित खमतराई के हल्का पटवारी और अतिक्रमण शाखा अमला के साथ पुलिस बल भी उपस्थित रहा।



### पिछले दो दिन में इन जगहों पर कार्रवाई

नगर निगम द्वारा इस सप्ताह अवैध प्लाटिंग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले दो दिनों में नगर निगम सीमा अंतर्गत खमतराई, बिरकोना, सकरी में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की गई थी और आठ अवैध प्लाटिंग में बनाए गए बाऊंड्रीवाल, सड़क व नाला को तोड़ा गया तथा निर्माण सामग्री जब्त किया गया। इसके बाद बहतराई, मोपका एवं खमतराई क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए सड़क, नाली उखाड़ी गई और बाऊंड्रीवाल तोड़ी गई।

### कार व 2.50 लाख लेकर भागने वाला बर्खास्त आरक्षक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बर्खास्त आरक्षक ने एक व्यक्ति को पीएचई विभाग में गाड़ी लगाकर मुनाफा कमाने का लालच दिया, फिर कार व 2.50 लाख रुपए लेकर भाग गया। पुलिस ने उक्त बर्खास्त आरक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।



सकरण्डा पुलिस के अनुसार, राजकिशोरनगर तुलसी आवास निवासी आदित्य श्रीवास्तव 32 साल की बर्खास्त आरक्षक बंधवापारा निवासी श्रीकांत मार्को पिता स्व. धनसाय मार्को 34 साल से जान पहचान थी। उसने श्री श्रीवास्तव को उनकी टाटा जेस्ट कार पीएचई विभाग में किराए में लगाकर मुनाफा कमाने का लालच दिया। श्री श्रीवास्तव लालच में आकर उसे अपनी कार व 2.50 लाख रुपए दे दिए। उसके बाद बर्खास्त आरक्षक उनकी कार व रकम लेकर रफूचक्कर हो गया। श्री श्रीवास्तव पीएचई विभाग में जाकर पताजासी की तो उनकी कार वहां नहीं चल रही थी। उन्होंने बर्खास्त आरक्षक से अपनी कार व पैसा वापस में मांगे तो वह घुमाने लगा फिर अपना मोबाइल बंद कर लिया। पुलिस ने श्री श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी बर्खास्त आरक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

# कानन पेण्डारी जू के नए अधीक्षक होंगे सोरी

**बिलासपुर।** कानन पेमीडियम जू के नए अधीक्षक अब राजेन्द्र कुमार सोरी होंगे। गुरुवार को छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने प्रदेश के सभी जिलों के उप वन मंडलाधिकारी के स्थानांतरण की सूची जारी कर दी।

इस सूची के तहत वर्तमान में कानन पेण्डारी जू में पदस्थ अधीक्षक भोपाल सिंह राजपूत थे, जिनका स्थानांतरण नगरी सीतानदी अभ्यारण्य में सहायक संचालक के पद पर किया गया है। इसके अलावा अचानकमार टाइगर रिजर्व बफर क्षेत्र कोटा के सहायक संचालक मानवेन्द्र कुमार का स्थानांतरण मनेन्द्रगढ़ वन मंडल के केल्हारी में उप वन मंडलाधिकारी के पद पर, रायपुर के राज्य जैव विवि में सहायक वन संरक्षक समीर जोनाथन को अचानकमार टाइगर रिजर्व बफर क्षेत्र कोटा के सहायक संचालक पर, बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र में उप वनमंडलाधिकारी निश्चल शुक्ला का स्थानांतरण बलौदाबाजार वन मंडल में, महासमुंद के सरायपाली के उप वनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन को कोटा में स्थांतरण किया गया है। इसी तरह रेंजरों की भी स्थांतरण सूची जारी की गई है, जिसमें बिलासपुर वन मंडल के वन परिक्षेत्र अधिकारी पल्लव नायक का ट्रांसफर एटीआर लोरमी के सुरही रेंज में, चांपा वन मंडल में कार्यरत विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अनिमेष सिंह को तखतपुर परिक्षेत्र सामान्य में वन परिक्षेत्र अधिकारी के पद पर स्थानांतरण किया गया है।

# घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार



**वाड्रफनगर।** घर में सो रही नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रघुनाथनगर थाना के बलंगी चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चौकी अंतर्गत रहने वाली नाबालिग अपनी ननद के साथ सो रही थी। इसी दौरान राकेश प्रजापति और दिनेश सिंह महिला के घर में घुस आए।

इस दौरान आरोपी नाबालिग व महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगे। इस दौरान राकेश प्रजापति नाबालिग को पकड़कर बाहर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की जिसके बाद एसी वैभव बैंकर के निर्देश पर पुलिस ने यूपी सोनभद्र के दुद्धी नवडीहा निवासी राकेश प्रजापति व दिनेश सिंह की खोजबीन शुरू की। पुलिस ने यूपी के रेणुकूट से आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को बीएनएस की धारा 70(ख), 74,131(6) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4,6 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी बलंगी सुभाष कुजूर, साइबर सेल प्रभारी हिम्मत सिंह शेखावत, प्रधान आरक्षक उमेश यादव, शैलेश सिंह, सैनिक रामाशंकर साहू सक्रिय रहे।

# चालक तस्करों को लेकर सुंदरगढ़ से अंबिकापुर तक आया था ऑटो में

**वाड्रफनगर।** बस से गांजा तस्करी करने के मामले में पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने तस्करों को उड़ीसा से अंबिकापुर तक पहुंचाने वाले ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ऑटो चालक आरोपियों को गांजा लेकर बस स्टैंड छोड़ने आया था। इसके लिए सप्लायर ने आरोपी युवक को 94 सौ रुपए दिया था।

बता दें कि 21 जुलाई को वाड्रफनगर चौकी पुलिस द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिंद्रा बस क्रमांक यूपी 17 एटी 3835 को रोककर उसकी तलाशी के दौरान उड़ीसा सुन्दरगढ़ महेशडीह निवासी 23 वर्षीय राज मुंडा आ. रवि मुण्डा, सुन्दरगढ़ महेशडीह टेंगीबाड़ी निवासी 25 वर्षीय सोनू बरुवा आ. मदन बरूवा, सुन्दरगढ़ लूराडीपा निवासी 23 वर्षीय विक्रम भेंगरा आ. लिनियुस भेंगरा व 23 वर्षीय विजय सेर्देरिया आ. संजय सेर्देरिया धासी गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के पास से पुलिस ने 92 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया था जिसकी कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई।

# युवक पर चाकू से हमला, दो नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

बिलासपुर। साइड देने के विवाद में एक युवक के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया गया है। घायल छात्र को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो नाबालिग सहित 4 युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, रिवरव्यू कालोनी निवासी सुरेश साहू 30 जुलाई की रात 8.30 बजे अपने घर से हास्टल अपने दोस्त हर्ष कुमार यादव के पास मिलने आ रहा था। रास्ते में कुछ लोग खडे थे। साइड मांगने पर वे उसके साथ विवाद करने लगे। उस दौरान वह वहां से निकलकर हास्टल दोस्त हर्श कुमार के पास आ गया। कुछ देर बाद घर जाने के लिए हास्टल से बाहर निकला तो तीन लोगों ने उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हर्ष कुमार यादव की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 351, 3, 324, 4, 109, 191, 2 के तहत हमलावर बड़ी कोनी नाका निवासी अनुराग यादव पिता पप्पू यादव 19 साल, संजय बघेल पिता किशन बघेल 20 साल व दो नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है।



घायल।



आरोपी।

### चोरभट्ठी में बाइक सवार युवक पर चाकू 16 बार हमला



भरनी निवासी गोपी वर्मा पिता भुरूवा वर्मा 19 साल ने बताया, वह भरनी स्थित मीनाक्षी वाटिका में रहकर चौकीदारी करता है। 31 जुलाई को वह अपने दोस्त को छोड़ने के लिए चोरभट्ठी गया था। दोपहर 2 बजे दोस्त को छोड़कर घर लौट रहा था। इसी दौरान अज्ञात युवकों ने रोका और गाली गलौज करते हुए चाकू निकालकर 16 बार हमला किया है। गंभीर चोट लगने के बाद भी वह खून से लथपथ बाइक चलाते हुए अपने घर गया। उसके बाद मां अमरिका बाई वर्मा ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया।

## खबर संक्षेप

### जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जान से मारने की नियत से प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी को पामगढ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 4 आरोपियों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम धाराशिव में मामुली बातो को लेकर दो पक्षों में हुए थे मारपीट की घटना हुई थी। 21 जून की रात्रि 08.15 बजे प्रार्थी राधेश्याम राठौर निवासी ग्राम धाराशिव के घर के पास आरोपी अभिषेक गोस्वामी, दिग्विरजय सिंह, आयुष राठौर, देवेन्द्र राठौर, सुधीर राठौर एवं 10-15 लोग मिलकर मारने के लिये लडाई झगडा विवाद किये। दिग्विजय राठौर एवं 10-15 लोगों ने अभिषेक गोस्वामी, आयुष राठौर, देवेन्द्र राठौर, ओंकार राठौर, सूरज यादव, योगेश राठौर, सुधीर राठौर एवं चंद्रशेखर राठौर पर हमला कर रिदया। जिससे दिनेश राठौर को गंभीर चोंट लगी थी कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने 4 आरोपी चंद्रशेखर राठौर, देवेन्द्र राठौर, दिग्विजय सिंह राठौर एवं सूरज कुमार यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

### परिवार परामर्श केन्द्र में एक माह के भीतर 149 प्रकरणों का निराकरण

**जांजगीर-चांपा।** परिवार परामर्श केन्द्र जांजगीर में माह भर के भीतर 149 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। वहीं 34 प्रकरणों में आपसी सहमति से राजीनामा कराया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, जांजगीर में संचालित किया जा रहा है। जिसमें आवेदक व आवेदिकाओं द्वारा विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे घरेलु हिंसा, पति-पत्नी में आपसी विवाद, दहेज प्रताड़ना, परिवारिक सामंजस्य, नशाखोरी से उपजे विवाद, शारिरिक शोषण, मारपीट, आर्थिक समस्या एवं अन्य समस्या से पीड़ित परिवार को पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र जांजगीर द्वारा जुलाई महीने के भीतर 149 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इनमें 34 प्रकरणों को आपसी सहमति से निराकरण किया गया। परिवार परामर्श केंद्र का उद्देश्य पुलिस थाना एवं न्यायालय जाने से पूर्व दोनों पक्षों को समझाइस देना, पति-पत्नी में मनमुटाव, वैचारिक मतभेद एक दूसरे को शक संदेह करना जिसके कारण लड़ाई झगड़ा होकर पति - पत्नी अलग-अलग रहते हैं। माह जुलाई 2025 में 194 प्रकरणों की काउंसलिंग की गई जिसमें 34 प्रकरण राजीनामा, 29 प्रकरण न्यायालय जाने, 14 प्रकरण कानुन कार्यवाही संबंधित थाना चौकी को भेजा गया। बैठक में मामलों की सुनवाई में परामर्श दात्रि काउंसलर व सदस्यगण एवं डीएसपी श्रीमती सात्यकला रामटेके, निशा पाण्डेय, एनूका तिर्की, कविता भारद्वाज, महिला आरक्षक नीतू फर्रे, रेणु कुजूर, लक्ष्मी, सुधा सोम उपस्थित थे।

### जल आवर्धन योजना के काम की जांच में मिली खामियां

**सक्ती।** सक्ती नगर में चल रहे जल आवर्धन योजना के कार्य की जांच करने गुरूवार को टीम पहुंची। जांच के दौरान काम में कई तरह की खामियां मिली। इस पर अफसर ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। नगर में पेयजल सुविधा बेहतर करने के उद्देश्य से शुरू की गई जल आवर्धन योजना के काम में गुणवत्ता की कमी और लापरवाही को लेकर कलेक्टर तक शिकायत पहुंची थी। भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव समेत अन्य लोगों ने भी शिकायत की थी। शिकायत के बाद गुरूवार 31 जुलाई को जल आवर्धन योजना के कार्यों की स्थिति का जायजा लेने अफसर पहुंचे। जांच टीम ने निरीक्षण किया। जांच दल में अपर कलेक्टर के.एस. पैकरा, पीएस एचई (मंडला) से अधिकारी, एसडीओ पवन अगवाल शामिल रहे। टीम ने नगर के वार्ड क्रमांक 17 एवं 18 में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए तथा कार्य को इस प्रकार करने कहा कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान मिरौनी बैराज, महानदी प्लांट एवं टेमर में स्थापित जल संयंत्रों का भी दौरा किया गया। अधिकारियों ने संयंत्रों की स्थिति, जल आपूर्ति की व्यवस्था एवं तकनीकी संचालन की गहन समीक्षा की। इस दौरान नगर पालिका इंजीनियर श्री नायक, ठेकेदार प्रतिनिधि अंसारी, भाजपा जिलाकोषाध्यक्ष नरेश यादव, मंडल अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, एवं जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र भी उपस्थित रहे। टीम ने स्पष्ट किया कि जल आवर्धन योजना आमजन के जीवन से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए गए।

## निधन

### लालीराम केवट



**उमरेली।** ग्राम उमरेली निवासी लालीराम केवट 54 वर्ष का निधन हो गया। वे अपने पत्नी, बेटा-बहू, बेटी, नाती सहित भरापूरा परिवार छोड़ कर चले गये है। नागपंचमी की बीती रात निधन हो गया, उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम उमरेली में किया गया। इस दौरान परिजन सहित केंवट समाज व ग्रामवासी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य में सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व कृषि क्षेत्रों में कोरबा, पोड़ीउपरोड़ा ब्लॉक का श्रेष्ठ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बैठक को संबोधित करते उद्योग मंत्री श्री देवांगन एवं अन्य।

नीति आयोग के तत्वावधान में संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन रहें।

संपूर्णता अभियान आकांक्षी जिलों एवं ब्लॉकों के लिए एक ऐतिहासिक पहल रही, जिसका उद्देश्य प्रमुख 6 प्रदर्शन संकेतकों में पूर्णता प्राप्त करना था। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक अधिकारियों, स्वयं सहायता समूहों, फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा विभिन्न विभागीय टीमों के समन्वित प्रयास से कोरबा ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के 6 में से 5 संकेतकों में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त की। कोरबा आकांक्षी ब्लॉक 6 में से 5 संकेतकों में शत प्रतिशत उपलब्धि वहीं पोड़ी उपरोड़ा आकांक्षी ब्लॉक 6 में से 4 संकेतकों में शत प्रतिशत उपलब्धि रही। इस सफलता पर कोरबा ब्लॉक को सिल्वर मेडल एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक को कांस्य पदक प्रदान किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कोरबा जिला, कोरबा एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉकों के प्रयासों से आकांक्षी जिला श्रेणी में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। यह उपलब्धि विभागीय टीमों के परिश्रम और सामूहिक समर्पण का परिणाम है। हमें सतत प्रयास कर कोरबा को आकांक्षी जिला श्रेणी से बाहर लाकर विकसित जिलों में शामिल करना है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का क्षण है। एक समय आकांक्षी जिलों की सूची में कोरबा 73वें स्थान पर था, आज यह रजत पदक प्राप्त कर रहा है। यह सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के समन्वित प्रयास का प्रतिफल है। विधायक पाली तानाखर तुलेश्वर हीरासिंह मरकाम ने समारोह में सम्मानित हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी को आगे भी कोरबा जिले को आकांक्षी जिले की सूची से बाहर लाने के लिए विशेष प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया गया। आकांक्षी ब्लॉक कोरबा एवं पोड़ी उपरोड़ा के तात्कालीन सीईओ को क्रमशः सिल्वर एवं कांस्य पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधन दिया एवं सम्मानित अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी।

## बेलाकछार संजय नगर वार्ड की जर्जर सड़क बनी परेशानियों का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जर्जर सड़क।

ग्राम बेलाकछार संजय नगर वार्ड क्रमांक 18 में जर्जर सड़क निर्माण की मांग पूरी होते नहीं दिख रही है। लगातार जनदर्शन में कलेक्टर से गुहार लगाने के बाद भी सड़क निर्माण की मांग पूरी नहीं हुई है, जिसकी वजह से यहां निवासरत ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार कलेक्टर में आवेदन देने के बाद भी अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। गांव के पंच अनीता चौहान, वार्ड क्रमांक 12 के पंच अनिल दास मानिकपुरी, कोशल पटेल पूर्व जनपद सदस्य, प्रमिला पटेल उप सरपंच द्वारा भी कई बार सड़क निर्माण को लेकर शिकायत की गई है बावजूद इसके सड़क निर्माण को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है। जिसकी वजह से बस्ती में निवासरत लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन स्कूल जाते वक्त बच्चे मोटर साइकिल में दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। बेलाकछार संगम नगर में कुल 20 वार्ड है, जबकि चार वार्डों की स्थिति ऐसी हालत है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है शेष बचे 16 वार्डों की स्थिति कैसी होगी।

### बारिश में बढ़ने लगे संक्रमण के मरीज

**कोरबा।** जिले में बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। बारिश में लंबे समय तक पानी के संपर्क रहने से पैरों में इंफेक्शन की शिकायत बढ़ गई है। पैर की त्वचा नम हो रही है। पैरों के नाखूनों के आसपास नमी बढ़ने के कारण सूजन भी आ रही है। इन्फेंक्शन से बैक्टीरिया पैदा होने का खतरा बढ़ जाता है। इससे बचने के लिए डॉक्टर लोगों को विशेष ध्यान रखने की सलाह दे रहे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में मौसमी बीमारी के मरीजों के साथ ही शरीर में दाग और पैरों में इंफेक्शन के मरीज भी बढ़ गए हैं। पैरों में इंफेक्शन की शिकायत लेकर रोजाना पांच से 10 मरीज आ रहे हैं। वहीं दाग की समस्या से परेशान प्रतिदिन लगभग 10 से 15 मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक समस्या ऑफिस और प्लांट में काम करने वाले कर्मचारी व महिलाओं को रही है। पैर दिनभर जूते और मोजे में बंधे रहते हैं। वहीं महिलाएं भी घरेलू काम के दौरान ज्यादातर समय पानी में व्यस्त रहती है। इससे पैरे गीले रहते हैं और पैर संक्रमित हो जाते हैं। पैरों की उंगलियां पक जाती है। उंगलियों में खुजली, दर्द होने लगता है।

### आंदोलन की तैयारी में जुटा छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले 22 अगस्त को प्रस्तावित राज्यव्यापी आंदोलन की तैयारी को लेकर कर्मचारी भवन अंधरीकछार में एक आपात बैठक की गई। फेडरेशन जिला संयोजक केआर डहरिया, जगदीश खरे, तरुण सिंह राठौर, एसएन शिव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। आगामी दो अगस्त को शिक्षक सदन में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में फेडरेशन के प्रांतीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में जिले के समस्त कर्मचारी-अधिकारियों व सभी संबद्ध संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे। फेडरेशन के अनुसार प्रदेशभर के शासकीय सेवकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में 16 जुलाई को सांकेतिक धरना व रैली निकालकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया था। प्रमुख मांगों में कैशलेस चिकित्सा सुविधा,महंगाई भत्ता, लंबित एरियर्स का भुगतान, 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान तथा कर्मचारियों व पेंशनरों के हित में केंद्र की राष्ट्रीय योजनाओं के समान प्रावधान शामिल हैं। प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा सहित फेडरेशन के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 20 अगस्त तक सरकार द्वारा मांगों का समाधान नहीं किया गया तो 22 अगस्त को आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### किसान अच्छी फसल की आस से उन्नत किस्म की खाद का कर रहे छिड़काव

**कोरबा।** जटगा पंचायत के आश्रित रवागांव के युवा किसान बृजपाल पोर्ते खेती से अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। उनके पास ज्यादा जमीन नहीं है, लेकिन मेहनत और उम्मीद से वे हर साल खरीफ मौसम में अच्छी फसल लेने की कोशिश करते हैं। खरीफ सीजन शुरू होते ही बृजपाल अपनी पत्नी के साथ खेतों में मेहनत करने लगते हैं, जिससे फसल अच्छी हो और परिवार आर्थिक रूप से मजबूत बने। पहले की तरह इस बार भी उन्होंने खेती की तैयारी शुरू की, उन्हें सहकारी समिति जटगा से समय पर उन्नत किस्म के बीज और खाद (यूरिया, डीएपी) मिल गए। इससे खेती का काम सही समय पर शुरू हो गया और आसानी भी हुई। उन्होंने बताया कि खाद बीज लेने में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नही हुई, ना ही समितियों के अनावश्यक चक्कर लगाना पड़ा। समिति में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता थी। बृजपाल अपने खेत मे लगाए धान की फसल में डीएपी और यूरिया का छिड़काव किए है। जिससे फसलों का उत्पादन अच्छा हो। उन्होंने कहा कि खेती ही उनकी कमाई और जीवन का सहारा है। इसलिए वे पूरी मेहनत कर रहे है ताकि इस साल पैदावार अच्छी हो और परिवार की जरूरतें पूरी की जा सकें।

### ठेका कर्मी के सूने मकान में हुई चोरी

**कोरबा।** बालकोनगर क्षेत्र के एक सूने मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने मकान से 5 हजार रुपए नकदी सहित अन्य सामानों की चोरी कर ली। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि नेहरूनगर बालकोनगर स्वास्थ्य केंद्र के पास नागेंद्र सिंह किराए के मकान में रहता है। बालको प्लांट में मजदूरी करता है। मंगलवार को वह मकान में ताला लगाकर ड्यूटी पर चला गया था। लौटने पर उसे मकान में हुई चोरी का पता चला। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




एसईसीएल से सेवानिवृत्त होने वाले 8 कर्मियों को बिलासपुर मुख्यालय स्थित सीएमडी कक्ष में सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर विदाई दी गयी। मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन के मुख्य आतिथ्य, निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना परियोजना, एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक एचआर बिरंची दास, निदेशक वित्त डी सुनील कुमार एवं सीवीओ हिमांशु जैन, विभीन्न विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में दुर्गा दास अधिकारी महाप्रबंधक, पंकज कुमार महाप्रबंधक, ताराशंकर बेहरा महाप्रबंधक, निशत जैदी, एनव्ही गोपाल कृष्ण राव कार्यालय अधीक्षक, शाहीद मोहम्मद कार्यालय अधीक्षक, अनिल कुमार दुबे चीफ स्टोर कीपर, पुरुषोत्तम कुमार शिवंकर सिनीयर डुप्लीकेटर को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गयी। इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशली से ही कम्पनी सफलता के मुकाम पर पहुँची है। सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा।

## निगम कर्मी को सेवानिवृति पर दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत श्रीमती श्यामकली डहरिया को निगम के रजिस्टार व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी की अगुवाई में निगम के जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी तथा श्रीमती डहरिया की स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी। निगम के जन्म-मृत्यु पंजीयन विभाग में कार्यरत श्रीमती श्यामकली डहरिया 28 वर्षों तक निगम में अपनी सेवाएं देने के पश्चात आज सेवा से निवृत्त हो गई, उनके सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान निगम के रजिस्टार व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी की अगुवाई में संबंधित शाखा के अधिकारी कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी तथा श्रीमती डहरिया द्वारा निगम को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं को याद किया। सम्मान समारोह में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा के साथ ही स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र कुमार थवाईत, शैलेन्द्र नामदेव, सतानंद द्विवेदी, गिरवर विश्वकर्मा, उत्तमदास महंत, रविकरण सिंह, श्रीमती पुष्पा राठौर, ललिता, कमलकांत शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे। सचिन, धनमोहन रात्रे, पंकज गभेल, संदीप कैवर्त्य, शिव उरांव, रामी डहरिया, मालती सोनी, दिनेश अघरिया, गायत्री साहू आदि के साथ अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।



सेवानिवृत्त निगम के अधिकारी कर्मचारी।

### ज्ञानदीप महिला समिति का सावन उत्सव



**कोरबा।** ज्ञानदीप महिला समिति द्वारा सावन उत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा बहुत सारे खेल खेले गए और चटपटे नाश्ते का स्वाद लिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अभिलाषा वर्मा ने किया और सभी को मजेदार खेल करवाया गया। कार्यक्रम में हमारे ग्राम पंचायत की उप सरपंच श्रीमती पूनम चौरसिया भी उपस्थित थी और सावन क्वीन रेखा थापा चुनी गई। सभी खेलों में पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम में भगवती पाल, श्वेता डडसेना, ममता अग्रवाल, अनीता केसरवानी, सुधा गुप्ता ,ललिता ,रेखा ,सुनीता ,सोनम, माया ,रितु गुप्ता ,नीतू के शेरवानी, भगवती पाल ,कृष्णा ,राजकुमारी ,अनीता यादव, प्रमिला, श्रद्धा डडसेना ,सविता अग्रवाल ,मुस्कान ,अनीता पटेल ,मंजू केशरवानी, मनीषा केसरवानी उपस्थित थे।

### कहरा समाज की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**कोरबा।** नारी और प्रकृति दोनों का स्वभाव एक जैसा ही है। सावन की रिमझिम फुहारों के साथ महिलाएं हरियाली तीज, सावन झूला इत्यादि का उत्सव मनाकर अपनी खुशियां व्यक्त करती हैं। कोरबा अंचल की कहरा समाज की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव के आयोजन का आगाज़ किया गया। जिसमें आयोजन समिति की प्रमुख सदस्या श्रीमती पुष्पा कहरा, प्रतिभा आदित्य, दीप्ति राकेश, दिव्या आदित्य एवं समर्पिता ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई। अंचल की महिलाओं ने इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रायः सभी महिलाओं ने नृत्य एवं गीत में अपनी सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इस आयोजन में तीन बहनों को सावन क्वीन के खिताब से नवाजा गया,जिनके नाम क्रमशः इस प्रकार है,कविता कटकवार,मेघा आदित्य एवं विंदा आदित्य शामिल हैं। कार्यक्रम में श्रीमती पुष्पा, श्रीमती प्रतिभा आदित्य, दिव्या आदित्य, तृप्तिआदित्य, दीप्ति राकेश, समर्पिता, रोमा, पद्मा, श्रद्धा, मेघा, कविता, सुगंधी, शालिनी, रानी, प्रतिभा कहार,चंद्रकांता, गुलाबी जलतारे,दीप जलकारे,विंदा,एवं गीता आदित्य शामिल रहे।

### छत्तीसगढ़ द्विज महिला परिषद का सावन उत्सव



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ द्विज महिला परिषद का सावन उत्सव होटल कावेरी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया परिषद के प्रमुख संरक्षिका श्रीमती मधु पांडे जो वर्तमान में भारत विकास परिषद की तरफ से छत्तीसगढ़ की प्रमुख महिला है। संरक्षिका श्रीमती कल्पना पांडे अध्यक्ष श्रीमती सावित्री शुक्ला एवं महासचिव श्रीमती भारती पाण्डेय के सौजन्य से कार्यक्रम ने सफलता की नई ऊंचाई को प्राप्त किया उत्सव की सांस्कृतिक छटा को सुनियोजित ढंग से बिखेरने में श्रीमती सीमा पाण्डेय, माधुरी त्रिपाठी एवं स्वाति दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण सावन सुंदरी का रहा जिसके लिए परी जैसे बहनों में काफी उत्साह देखा गया जिसमें प्रथम स्थान मौसमी तिवारी जी द्वितीय प्रतिभा तिवारी एवं तृतीय स्थान पर सुनीता शुक्ला रही। बहनों ने प्रकृति की तरह सज धज कर रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की एक से बढ़कर एक खूबसूरत डांस गीत गेम में हमारी बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा ले कर मौसम को रंगीन बना दिया। सावन उत्सव के कार्यक्रम में सभी बहनों का सराहनीय योगदान रहा। उपस्थित सभी बहनों गिफ्ट हल्दी कुमकुम एवं बालों ने गजरा लगाकर सम्मानित किया गया।

### गूंजी सावन की धूम, दीपाली बनीं सावन क्वीन



**कोरबा।** डीडीएम रोड की महिलाओं ने इस बार सावन उत्सव को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया। इस रंगारंग आयोजन में महिलाओं ने विभिन्न मनोरंजक खेलों का लुत्फ़ उठाया और चटपटे व्यंजनों का आनंद लिया। उत्सव के दौरान महिलाओं ने अपने मनमोहक नृत्य प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं में भी सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।जिसमें पुष्प अग्रवाल,गुंजन अग्रवाल विजेता रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'सावन क्वीन' प्रतियोगिता रही, जिसमें दीपाली शर्मा को सावन क्वीन का ताज पहनाया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस भव्य सावन उत्सव का सफल आयोजन वंदना शाह और अंकिता केसरवानी द्वारा किया गया।

### आरपी नगर में मनाया गया सावन उत्सव



**कोरबा।** आरपी नगर फेस 2 की महिलाओं ने नृत्य और गेंम्स से सावन उत्सव को यादगार बनाया। महिलाओं द्वारा निहारिका स्थित एक होटल में सावन उत्सव का आयोजन किया गया। महिलाओं ने नृत्य गीत के साथ कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमा राठौर, विनीता मिश्रा, रश्मी लता पाटले ने किया। गेम्स के माध्यम से अर्चना पाटले ने सावन क्वीन का ताज अपने नाम किया। अन्य गेम्स में प्रथम यामिनी गिरधर, द्वितीय सलमा रही। जिन्हें शोभा मिश्रा व कुलवंत कौर द्वारा पुरूस्कृत किया गया। महोत्सव को सफल बनाने में महिलाओं की भागीदारी रही।

### कहरा समाज की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



**कोरबा।** अंचल की कहरा समाज की महिलाओं द्वारा सावन महोत्सव के आयोजन का आगाज़ किया गया। जिसमें आयोजन समिति की प्रमुख सदस्या श्रीमती पुष्पा कहरा, प्रतिभा आदित्य, दीप्ति राकेश, दिव्या आदित्य एवं समर्पिता ने अपनी प्रमुख भूमिका निभाई। अंचल की महिलाओं ने इस आयोजन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रायः सभी महिलाओं ने नृत्य एवं गीत में अपनी सुंदर प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। इस आयोजन में तीन बहनों को सावन क्वीन के खिताब से नवाजा गया, जिनके नाम क्रमशः इस प्रकार है, कविता कटकवार, मेघा आदित्य एवं विंदा आदित्य। इस आयोजन की प्रतिभागी श्रीमती पुष्पा, श्रीमती प्रतिभा आदित्य, दिव्या आदित्य, तृप्ति आदित्य, दीप्ति राकेश, समर्पिता, रोमा, पद्मा, श्रद्धा, मेघा, कविता, सुगंधी, शालिनी, रानी, प्रतिभा कहार, चंद्रकांता, गुलाबी जलतारे, दीप जलकारे, विंदा एवं गीता आदित्य शामिल रहे।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
20 वर्षो से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

## खबर संक्षेप

### बिलासपुर यूनिवर्सिटी कर रही छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : मनमोहन



**हरदीबाजार।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनमोहन राठौर ने बताया कि अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। मनमोहन ने बताया कि अटल बिहारी बाजपेई विश्वविद्यालय के द्वारा पूर्व में हुए परीक्षा का परिणाम शा.ग्रा.भा. महाविद्यालय के छात्र छात्राओं का मनोबल गिराने का कार्य किया है। बीएससी प्रथम सेमेस्टर रसायन शास्त्र में 142 छात्रों में से 137 छात्रों में किसी को 0, 1, 2 या किसी को 5 या 7 नंबर दिया गया है और अभी हाल ही में आए परीक्षा परिणाम में कुछ छात्रों को अपसेंट बताया गया है जबकि वह सभी छात्र परीक्षा दिए है, जिनका हाज़री रजिस्टर में हस्ताक्षर भी है। जो कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, मनमोहन राठौर ने यह भी बताया कि पूर्व में दिए गए परीक्षा परिणाम की सघन जांच के लिए कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत द्वारा एवं मेरे द्वारा भी और मांग किया गया था मगर अभी तक छात्र हित में कोई भी गंभीर कदम नहीं उठाया गया। मनमोहन राठौर ने यह भी कहा कि शा.ग्रा.भा.महाविद्यालय के रसायन शास्त्र बीएससी-1 सेमेस्टर की उत्तरपुस्तिका के जांचकर्ता का नाम और वह कौन से कॉलेज में पदस्थ है स्पष्ट करने की जरूरत है।

### विपक्षी पार्षदों ने सामान्य सभा की रखी मांग, सौंपा ज्ञापन



**कोरबा।** बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास के नेतृत्व में एवं कांग्रेस के ज़िलाध्यक्ष मनोज चौहान की उपस्थिति में सामान्य सभा के आयोजन एवं पालिका क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर समस्त विपक्षी पार्षदों के साथ कलेक्टर से मुलाकात कर सामान्य सभा का आयोजन एवं खराब स्ट्रीट लाइट, जगह जगह जल भराव, सड़क कटाओ की समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विपक्षी पार्षदों ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 54 के प्रावधान के अनुसार परिषद के कामकाज करने के लिए प्रत्येक 2 माह में कम से कम एक बार सम्मेलन करवाना आवश्यक है। हालांकि नगर पालिका परिषद में विगत कई महीनों से सामान्य सभा की बैठक आयोजित नहीं किया जा रहा है,जिसके कारण जनता से संबंधित मूलभूत और विकास कार्य बाधित हो रही है।

### कांग्रेस के ब्लॉक प्रभारियों ने ली बैठक



**कोरबा।** कोरबा विधानसभा क्षेत्र में मंडल कांग्रेस कमेटी और सेक्टर कांग्रेस कमेटी के गठन के लिये ब्लॉक प्रभारी 29 जुलाई को बालको ब्लॉक प्रभारी पार्षद नारायण कुर्रे सहयोगी रवि खूंटे ने उत्सव वाटिका में बालको ब्लॉक के पदाधिकारियों के साथ बैठक लिया तथा दर्री ब्लॉक प्रभारी पार्षद मुकेश राठौर सहयोगी कुंजबिहारी साहू ने अग्रमंगल भवन, साडा कॉलोनी जमनीपाली में दर्री ब्लॉक के सभी 14 वार्डों के कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ बैठक लिया, वहीं कुसमुण्डा ब्लॉक प्रभारी नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू सहयोगी पूर्व पार्षद पालूराम साहू, धनंजय चन्द्रा, मीतराज नेताम एवं अनिकेत सिंह के साथ कुसमुण्डा ब्लॉक के सभी 6 वार्डों के पदाधिकारियों के साथ बैठक लिया। इन तीनों ब्लॉक में तीनों ब्लॉक प्रभारियों ने दो-दो मण्डल कांग्रेस कमेटी के गठन के लिये जिला कांग्रेस कमेटी को अपना अभिमत और कार्यकर्ताओं के सुझाव के साथ अवगत कराया है।

## एसईसीएल में 11 से 28 जुलाई तक हुआ यूनियन सदस्यता सत्यापन कार्य

# बीएमएस लगातार दूसरे साल भी सबसे बड़ा यूनियन, एचएमएस का दबदबा खत्म


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की दूसरी बड़ी कंपनी एसईसीएल में भारतीय मजदूर संघ इस साल भी सबसे बड़े यूनियन के रूप उभरा है। बीएमएस ने यूनियन सदस्यता सत्यापन में एचएमएस पर पौने नौ सौ की बढ़त बनाई है।

एसईसीएल में वर्ष 2025 के लिए 11 से 28 जुलाई तक यूनियन सदस्यता सत्यापन का कार्य किया गया। बीएमएस द्वारा जारी आंकडों पर गौर करें तो बीएमएस से सम्बद्ध अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने इस साल भी बाजी मारते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। वर्ष 2024 में भी बीएमएस एसईसीएल की नम्बर एक यूनियन बनी थी। हालांकि वर्ष 2024 के पहले तक एसईसीएल में एचएमएस का दबदबा था, जो आंकड़े मिले हैं। इसके अनुसार अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ ने एचएमएस पर 878 मेम्बर की बढ़त बनाई है। एबीकेएमएस की कुल सदस्यता 13 हजार 342 दर्ज हुई है। एचएमएस की सदस्यता का आंकड़ा 12 हजार 464 पर आकर रूका है। 10 हजार 489 के आंकड़े के साथ एटक तीसरे नम्बर पर है। इंटक के खाते में 8 हजार 497 सदस्य गए हैं। हालांकि अभी अधिकारिक तौर पर सदस्यता सत्यापन वर्ष 2025 का परिणाम जारी नहीं किया गया है।

### एरियावार सदस्यता सत्यापन पर एक नजर

| एरिया | बीएमएस | एचएमएस | एटक | इंटक |
|---|---|---|---|---|
| भटगांव | 1114 | 1312 | 379 | 596 |
| चिरमिरी | 890 | 1365 | 529 | 586 |
| जमुना कोतमा | 1040 | 806 | 176 | 308 |
| दीपका | 585 | 545 | 214 | 259 |
| गेवरा एरिया यूनिट | 88 | 136 | 67 | 97 |
| सेंट्रल वर्कशॉप कोरबा | 27 | 0 | 22 | 19 |
| बैकुण्ठपुर | 1485 | 1121 | 809 | 765 |
| जोहिला | 951 | 1196 | 957 | 642 |
| हसदेव | 870 | 1867 | 1332 | 402 |
| कोरबा | 1330 | 1134 | 1659 | 1712 |
| सीडब्ल्यूएस गेवरा | 108 | 50 | 43 | 59 |
| रायगढ़ | 412 | 192 | 305 | 369 |
| बिश्रामपुर | 1189 | 322 | 1082 | 94 |
| सोहागपुर | 1432 | 918 | 1190 | 1234 |
| कुसमुंडा | 1210 | 630 | 956 | 527 |
| गेवरा | 313 | 529 | 438 | 363 |
| सीडब्ल्यूएस कोरबा | 165 | 120 | 140 | 195 |
| मुख्यालय बिलासपुर | 133 | 221 | 191 | 270 |

## एचएमएस दीपका संगठन में बदलाव


संगठन के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा दीपका परियोजना के संगठन में फेरबदल किया गया है, जिसमें संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से दीपका परियोजना के अध्यक्ष पद पर जी उड्डयन और फोरमैन राजकुमार राठौर को सचिव के साथ-साथ संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह नियुक्ति हिंद खदान मजदूर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रेशमलाल यादव, दीपका क्षेत्र के जेसीसी सदस्य तरुण राहा एवं अमृत लाल चंद्रा के द्वारा की गई दीपका कॉलोनी स्थित एचएमएस के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दोनों पदाधिकारियों को संगठन की नई कमान सौंप गई है। जी उड्यन को पूर्व में भी जेसीसी सदस्य के रूप में कार्य का अनुभव रहा है। वहीं राजकुमार राठौर की नियुक्ति से संगठन को सशक्त और नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सम्मान समारोह में सृष्टिधर तिवारी, समीरन बोस, गोपाल यादव समेत कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने नव नियुक्त अध्यक्ष एवं सचिव को शुभकामनाएं दीं और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आशा व्यक्त की ।

**खास बात**
- जी उड्डयन अध्यक्ष तो राजकुमार राठौर बने सचिव एवं जेसीसी सदस्य

### दो पक्षों में हुई मारपीट

**कोरबा।** बांकीमोंगरा क्षेत्र के शांतिनगर में एसईसीएल कॉलोनी में मकान को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गया। घटना में दोनों पक्ष के सदस्यों को चोटें आई है। दोनों पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शांतिनगर निवासी जगेश्वर प्रसाद उर्फ बबलू ने बसंती देवी और उसके पुत्र गौरव पासवान पर मारपीट का आरोप लगाया है। बसंती देवी ने जगेश्वर प्रसाद आनंद पर मारपीट का आरोप लगाया है। जगेश्वर का आरोप है कि एक साल पहले बसंती को एसईसीएल का खाली क्वाटर रहने के लिए दिया था। क्वाटर खाली करने गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया है। इसी तरह बसंती देवी का कहना है कि जगेश्वर ने मकान के बदले 50 हजार रुपए मांग किया था। रुपए देने के बाद भी 10 हजार रुपए और मांगने लगा।

### किशोर की पिटाई, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरकोमा स्थित शंकरखोला मंदिर के पास पत्थर मारने से मना करने पर लगभग 5 लोगों ने मिलकर किशोर की पिटाई कर दी। घटना में किशोर घायल हो गया। इसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। बुंदेली नयाडीह मोहल्ला निवासी गोपाल कश्यप उम्र 17 वर्ष कोरकोमा शंकरखोला मंदिर दर्शन करने गया था। इस बीच एक युवक पत्थर मार रहा था। मना करने पर पीड़ति ने अनिल कंवर, नागेश्वर राठिया, करन कंवर, सुजीत राठिया व उसके साथियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में मारपीट का केस दर्ज किया है।

## उप पंजीयक को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत ने उप पंजीयक कोरबा पावरेम मिंज को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उक्त कार्रवाई अर्जित ग्राम रलिया विकासखंड कटघोरा में भूमि की खरीदी-बिक्री के दौरान शासन के निर्देशों के उल्लंघन और हाईकोर्ट के आदेश के गलत अनुवाद के आधार पर की गई है। उप पंजीयक को 24 घंटे में लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं।

**खास बात**
- कलेक्टर ने 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने दिया निर्देश

उल्लेखनीय है कि ग्राम रलिया में भू अर्जन की अधिसूचना जारी होने के बाद शासन द्वारा भूमि के बटांकन, छोटे टुकड़ों में अंतरण, प्रयोजन परिवर्तन व विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बावजूद उप पंजीयक ने प्रतिबंधित भूमि का विक्रय पंजीयन किया। ग्राम रलिया निवासी सहसराम पिता दुलार साय ने भूमि विक्रय की अनुमति के लिए हाईकोर्ट, बिलासपुर में याचिका दाखिल की थी। 4 जुलाई के आदेश में न्यायालय ने याचिकाकर्ता और प्रतिवादी के बीच निष्पादित बिक्री विलेख पर विधिसम्मत विचार करने के निर्देश दिए थे। लेकिन उप पंजीयक ने आदेश का गलत अनुवाद करते हुए, शासन के प्रतिबंधात्मक निर्देशों की अनदेखी कर भूमि का विक्रय पंजीयन कर दिया। पंजीयन क्रमांक सीजी 2025-26- 160-1-607, 11 जुलाई 2025 के अनुसार, हल्का नंबर 51 के खसरा नंबर 149/2 (0.275 हे.), 168 (0.085 हे.) और 192/2 (0.085 हे.) कुल 0.445 हेक्टेयर भूमि को नाबालिग विशाल सिंह, पालक नवल कुमार मरावी के नाम पर विक्रय पंजीकृत किया गया। उप पंजीयक का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 का उल्लंघन माना गया है। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर उप पंजीयक के विरुद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जुलाई 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जुलाई 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अगस्त 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## बेजाकब्जाधारियों पर प्रशासन सख्त नोटिस जारी कर रुकवाया निर्माण


कार्यवाही के दौरान अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार पंचायत अंतर्गत भांठापारा में अवैध बेजाकब्जाधारीयों पर हरदीबाजार तहसील के नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता, पटवारी शिवलाल भगत, कोटवार लखनदास महंत के द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान, दुकान का निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसे मौके पर पहुंच कर रमेश अहिर पिता भीमाराम, श्यामलाल पिता देवसिंह, रामप्रताप पिता सखाराम गोंड को नोटिस तामिल कर भू-राजस्व संहिता के तहत कार्यवाही की है।

क्षेत्र में रजिस्ट्री बंद है लेकिन मालगांव, आमगांव व आने वाले अधिग्रहण क्षेत्र हरदीबाजार के लोगों को जमीन की आवश्यकता होने पर गांव के कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से शासकीय भूमि पर कब्जा कर अब उसे जरुरत मंदों को ऊंचे दामों पर बिक्री की जा रही है साथ ही तेजी से निर्माण कार्य किया जा रहा है। ऐसे में पंचायत व जिला प्रशासन के पास शासकीय भूमि ही नहीं बची। जबकि आने वाले समय में पंचायत भवन, शासकीय अस्पताल, पटवारी कार्यालय,आरआई कार्यालय,सचिव आवास,प्रोस्ट मैट्रिक छात्रावास,प्री मैट्रिक छात्रावास में सभी दीपका कोयला खदान के जद पे है। इनके नये भवनों के निर्माण के लिए शासकीय भूमि ही नही बची। इस संबंध में चंद्रकांता राठौर ने 28 मई को सुशासन तिहार में बोईदा में पाली एसडीएम को लिखित शिकायत की थी कि संपूर्ण शासकीय भूमि पर अवैध कब्जाधारीयों पर उचित कार्यवाही कर शासकीय भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाए शायद इसी के फलस्वरूप देर से ही सही पर प्रशासन ने तीन लोगों को नोटिस देकर कार्यवाही सुनिश्चित की है।

## बांकीमोंगरा के छात्रों को कॉलेज भवन की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा में संचालित शासकीय नवीन महाविद्यालय के संचालन को लेकर मुश्किलें खड़ी हो गई है। तीन वर्ष से मोंगरा स्थित पीएम श्री आत्मानंद हिंदी, अंग्रेजी माध्यक विद्यालय में प्रथम पाली में महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। कुछ दिनों से विद्यालय के तीन कमरों के जर्जर होने की वजह से जिन कमरों में महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा था, वहां पुनः विद्यालय का संचालन किए जाने से महाविद्यालय के सामने भवन का संकट खड़ा हो गया है। यही वजह है कि महाविद्यालय के प्राचार्य ने उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त से नए भवन की मांग की है। वहीं कमरों के अभाव में महाविद्यालय के छात्रों के सामने विद्या अर्जन का संकट मंडराने लगा है।

**खास बातें**
- कॉलेज के प्राचार्य ने आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय को लिखा पत्र
- आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल के कमरे हुए जर्जर, कॉलेज संचालन में आ रही कठिनाई

उल्लेखनीय है कि शासकीय नवीन महाविद्यालय बांकीमोंगरा का संचालन अपर संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय के आदेश पर 17 सितंबर 2021 से किया जा रहा है। वर्ष 2021-22 से महाविद्यालय में बीए, बीएससी (बायो गणित) एवं बी.काम की कक्षाएं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्तमान में परिवर्तित नाम पीएम श्री आत्मानंद हिन्दी/ अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोंगरा में प्रथम पाली में संचालित हो रहा है। शासकीय पीएम श्री आत्मानंद हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मोंगरा में निर्मित 3 भवन के कमरे जर्जर हो गए हैं। स्कूल के कमरों के जर्जर होने की वजह से बरसात के कारण छत का प्लास्टर गिरने से विद्यालय के छात्र छात्राओं को महाविद्यालय संचालन के लिए दिए गए कमरे में विद्यालय के प्राचार्य द्वारा बैठाकर विद्यालय की कक्षाएं संचालित कराई जा रही है। जिससे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहायक प्राध्यापको के अध्ययन अध्यापन के लिए कमरे उपलब्ध नहीं है। महाविद्यालय में बीए, बी ए स सी ( बायो /गणित) एवं बी.काम की कक्षाओं के संचालन के लिए न्यूनतम 12 कमरे की आवश्यकता है। यही वजह है कि महाविद्यालय के प्राचार्य ने उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त को पत्र लिखकर कमरा उपलब्ध कराने की मांग की है, जिससे महाविद्यालय का संचालन जारी रखा जा सके। अब देखना यह है कि प्राचार्य की मांग पर शिक्षा विभाग द्वारा कब तक महाविद्यालय के लिए नये कमरों की उपलब्धता कराई जाती है। अगर समय रहते महाविद्यालय में अध्यरनत छात्र छात्राओं के लिए कमरों का इंतजाम नहीं हो सका तो छात्र छात्राओं का अध्यापन कार्य बाधित होने की आशंका बनी हुई है।







## दो दर्जन से अधिक किसानों की फसलों को किया तबाह

# हाथियों का आतंक जारी, मवेशी को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


खेत में विचरण करता हाथियों का झुण्ड।

जिले के जंगलों में हाथी लगातार उत्पात मचा रहे हैं। कोरबा वनमंडल के कुदमुरा एवं पसरखेत रेंज में हाथियों का आतंक जारी है। यहां 37 की संख्या में हाथी चचिया, कुदमुरा तथा मदनपुर परिसर में विचरण कर रहे हैं। जिनमें से 25 हाथी कुदमुरा रेंज के चचिया बिट में हैं। 25 हाथियों के इस झुण्ड ने बीती रात उत्पात मचाते हुए जहां एक मवेशी को मौत के घाट उतार दिया वहीं एक अन्य ग्रामीण के झोपड़ी व दीवार को ढहाकर भारी नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं हाथियों ने खेतों में लगे धान को भी तहस-नहस कर दिया है। क्षेत्र में मौजूद हाथियों के इस दल द्वारा लगातार उत्पात मचाए जाने तथा फसल रौंदे जाने से ग्रामीण दहशत व चिंतित हैं।

जानकारी के अनुसार हाथियों के झुण्ड ने बैगामार जंगल में एक मवेशी से सामना हो जाने पर उस पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि यहां के निवासी बच्चन सिंह का यह मवेशी (गाय) चारा चरने जंगल गई थी तभी उस पर हमला हाथियों ने किया। हाथियों के हमले में गाय के मृत हो जाने की जानकारी उसके मालिक बच्चन सिंह को तब लगी जब वह उसे जंगल में मृत पाया। उसके मृत देह के आसपास हाथियों के पैरों के निशान थे। तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। जिस पर विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंचे और दस्तावेजी कार्यवाही शुरू की। हाथियों ने बैगामार में ही एक ग्रामीण के झोपड़ी व दीवार को भी ढहा दिया है तथा कई ग्रामीणों के धान की फसल को तहस-नहस कर दिया है जिससे ग्रामीणों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर पसरखेत रेंज में विचरण कर रहे 11 हाथियों के झुण्ड ने भी उत्पात मचाते हुए धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।




